राज्यपाल के अवर सचिव
Under Secretary to Governor

राज्यपाल का सचिवालय
लोक भवन, छत्तीसगढ़, रायपुर - 492001
दूरभाष : 0771-2331163/101
फैक्स : 0771-2331104
ईमेल : rajbhavan.cg@nic.in

क्रमांक 3486 / 340 / 2026 / रास / यू .          रायपुर, दिनांक 25 / 08 / 2026

प्रति,

01. कुलपति, पंड़ित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर।
02. कुलपति, शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, जगदलपुर, धरमपुरा–2, बस्तर।
03. कुलपति, संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय, अंम्बिकापुर, सरगुजा।
04 कुलपति, अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर।
05 कुलपति, हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, रायपुर नाका, दुर्ग।
06 कुलपति, शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय, रायगढ़।
07 कुलपति, इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़।
08 कुलपति, छत्तीसगढ़ कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, रायपुर।
09 कुलपति, पं. सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय, बिरकोना, बिलासपुर ।
10 कुलपति, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, जोरा, रायपुर।
11 कुलपति, दाऊ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय, अंजोरा, दुर्ग।
12 कुलपति, पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, उपरवारा, नवा रायपुर अटल नगर जिला–रायपुर।
13 कुलपति, छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय, पोस्ट–नेवई, दुर्ग।
14 कुलपति, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रोद्योगिकी संस्थान, पुरखौती मुक्तांगन के पास, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर।
15 कुलपति, महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, सांकरा–पाटन, दुर्ग।

**विषय :– उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज (उ.प्र.) के कुलपति पद पर नियुक्ति संबंधी विज्ञापन को विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड करने विषयक।**

———

विशेष कार्याधिकारी, माननीय राज्यपाल, उत्तर प्रदेश (लखनऊ) से विषय के संबंध में प्राप्त पत्र दिनॉक 18.08.2026 की छायाप्रति सहपत्रों सहित संलग्न प्रेषित है ।

निर्देशानुसार, कुलपति पद पर नियुक्ति हेतु राज्यपाल सचिवालय, जनभवन, लखनऊ से प्राप्त विज्ञापन को आपके विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड करने का कष्ट करें।

संलग्न– उपरोक्तानुसार।

(अनुभव शर्मा)
राज्यपाल के अवर सचिव
छत्तीसगढ़

ई–मेल

राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश
लखनऊ–226027

संख्या : ई–5664/जी0एस0
दिनांक : अगस्त 18, 2026

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के
विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल, भा.प्र.से.(से.नि.),
(अपर मुख्य सचिव स्तर), उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

प्रमुख सचिव/सचिव, श्री राज्यपाल,
समस्त राज्य,
भारत।

महोदय,

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय एक प्राचीन विश्वविद्यालय स्थापित है।

उपर्युक्त विश्वविद्यालय के कुलपति पद पर नियुक्ति सम्बन्धी प्रकिया वर्तमान में विचाराधीन है। इस सम्बन्ध में विज्ञापन संख्या : ई–5624/2026, दिनांक 17.08.2026 (प्रति संलग्न) को प्रकाशित कराया जा रहा है। मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश द्वारा उपर्युक्त विज्ञापन को समस्त प्रदेशों के विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर भी प्रकाशित कराने सम्बन्धी निर्देश दिये गये है।

अतः इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया अपने प्रदेशों से सम्बन्धित विश्वविद्यालयों की वेबसाइट पर उपर्युक्त विज्ञापन को प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

18/8

संलग्नक :– यथोपरि।

( डॉ0 सुधीर एम. बोबडे )
विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल, भा.प्र.से.(से.नि.),
(अपर मुख्य सचिव स्तर), उ0प्र0।

जनभवन, लखनऊ।

## उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के कुलपति के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करने के संबंध में सूचना

विज्ञापन संख्या : ई–5624 / 2026 दिनांक : अगस्त 17, 2026

उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, जो कि उत्तर प्रदेश राज्य राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय अधिनियम, 1999 (अधिनियम संख्या 10, 1999) के अन्तर्गत स्थापित है, के कुलपति की नियुक्ति, उक्त विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली, 2002 के परिनियम 03.02 के अधीन गठित समिति द्वारा अनुसंशित पैनल में से कुलाधिपति के द्वारा किया जाना प्रस्तावित है।

कुलपति का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने के दिनांक से 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए होगा। अन्य शर्तें विश्वविद्यालय के अधिनियम एवं परिनियमानुसार होगी।

चूंकि कुलपति विश्वविद्यालय का प्रधान कार्यपालक और शैक्षणिक अधिकारी होता है, इसलिये अभ्यर्थी में उच्च कोटि की क्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता एवं संस्थागत वचनबद्धता होनी चाहिए। अभ्यर्थी को विख्यात शिक्षाविद होने के साथ–साथ ठोस प्रशासनिक अनुभव भी होना चाहिए।

कुलपति पद के लिए इच्छुक अभ्यर्थी राज भवन की वेबसाइट "www.upgovernor.gov.in" पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन दिनांक 04.09.2026 (शुकवार) तक केवल ऑन लाइन (On Line) प्रेषित कर सकते हैं।

निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त होने वाले किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल,
भा.प्र.से.(से.नि.),
(अपर मुख्य सचिव स्तर),
उत्तर प्रदेश।